प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

9 अक्तूबर 2025

## 2022-23 की पहली तिमाही से 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तरीय आँकड़ों के आधार पर तिमाही आधार पर आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) संकलित करता है। आज, रिज़र्व बैंक ने 2025-26 की पहली तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) [1] जारी किया, जिसका नया आधार वर्ष 2022-23 है और इसमें अठारह प्रमुख शहर शामिल हैं[2]। 2022-23 के आधार वर्ष वाली नई शृंखला में मौजूदा 10 शहरों के साथ आठ नए शहर अर्थात, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, पुणे, गाजियाबाद, ठाणे, गौतम बुद्ध नगर, चंडीगढ़ और नागपुर जोड़े गए हैं। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा, बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://data.rbi.org.in/#/dbie/home> Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य बातें**:

- आवास मूल्य सूचकांक के मूल्य में 2025-26 की पहली तिमाही में मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें नागपुर, चंडीगढ़, चेन्नई और कोच्चि में पिछली तिमाही की तुलना में अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई।
- अखिल भारतीय एचपीआई में 2025-26 की पहली तिमाही में 3.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
- क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2025-26 की पहली तिमाही में 2.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

---

[1] एचपीआई का आधार वर्ष 2010-11 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया है।

[2] अठारह शहर हैं: मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बैंगलोर, लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, पुणे, गाजियाबाद, ठाणे, गौतम बुद्ध नगर, चंडीगढ़ और नागपुर।




**अजीत प्रसाद**

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1281** उप महाप्रबंधक (संचार)